## संक्षिप्त

### 135 ने किया रक्तदान

सीकेएस हॉस्पिटल में हुआ आयोजन, डॉ सोहन चौधरी ने की शिरकत सीकेएस हॉस्पिटल ऑफ ठ्रुप्स के चेयरमैन डॉ पी चांदवानी के जन्म दिन पर डीडवाना शाखा पर एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। डीडवाना सीकेएस के डायरेक्टर जुनैद कोटवाल ने बताया कि मंगलवार को अस्पताल परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई शिविर रक्तदान को आयाम देने वाले डॉ सोहन चौधरी ने शिरकत कर युवाओं को साल में दो बार रक्तदान करने के लिए आ ान किया उल्लेखनीय है इस रक्तदान शिविर में क्षेत्र के 135 युवाओं ने रक्तदान किया इस दौरान गरीब परिवारों को भोजन के पैकेट देकर इस आयोजन में चार चांद लगा दिए इस दौरान गजराज सिंह आनंद अम्बापा, हाकम अली अमरीश माथुर मोहसिन खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों ने किया खुशी का इजहार

**अजमेर,** (निसं): आवश्यकता अनुरूप सेवा एवं आओ गांव चले सेवा करे के अंतर्गत लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा लायन अतुल पाटनी के सहयोग से तीर्थराज पुष्कर के पास ग्राम गनाहेड़ा में स्थापित मांडला स्कूल यहां अधिकांश बच्चे पिछड़े क्षेत्र में आवास करते है के मध्य मिष्ठान का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि बच्चो को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए एवं अपने से बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करने के लिए समय समय पर बच्चो के मध्य सेवाएं दे रहे है। अंत में विद्यालय के प्रशासक बुद्धि प्रकाश गौड़ एवं शिक्षिका डिम्पल गौड़ ने क्लब के द्वारा दी गई सेवा के प्रति आभार जताया।

### प्रथम चरण एक मई से 30 सितम्बर तक

**अजमेर,**(कासं)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश कुमार जैन ने बताया कि बजट घोषणा 2025-26 अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी के लिए राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड जयपुर द्वारा ऋणियों को राहत प्रदान करने के लिए एक मुश्त जमा समाधान योजना (ओटीएस) चलाई जा रही हैं। इस योजना के प्रथम चरण एक मई से 30 सितम्बर तक लागू रहेगा। इसमें ऋणियों में बकाया अतिदेय (ओवरड्यू) मूलधन का एक मुश्त चुकाया जाने पर अतिदेय ब्याज एवं दंडनीय ब्याज शत प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। द्वितीय चरण एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक लागू रहेगा। इस चरण में ऋणियों द्वारा बकाया अतिदेय मूलधन एवं ब्याज एक मुश्त जमा कराने पर दंडनीय ब्याज की शत प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों ही चरणों में ब्याज एवं दंडनीय ब्याज की गणना ऋणी के द्वारा सम्पूर्ण अतिदेय ऋण के मूलधन का एक मुश्त चुकाए जाने की दिनांक तक की जाएगी। जिले में विभाग के समस्त बकायादार योजना की अधिक जानकारी एवं ओटीएस के लिए आवेदन प्रस्तुत कर योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से सम्पर्क करें।

### समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा

**ब्यावर** (निसं) राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन जिला ब्यावर के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष बलराज सिंह राठौड के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का राजस्थानी परम्परानुसार स्वागत किया गया और साथ ही शिक्षक समस्याओं व मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन दिया।ज्ञापन में तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी शिक्षकों की शीघ्र पदोन्नित की जाए, सभी संवर्ग के शिक्षकों के स्थानांतरण, स्थायी स्थानांतरण नीति बनाने के बाद ही किए जाए ।शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यो से मुक्त किया जाए,सभी संवर्ग के शिक्षकों के रिक्त पद अति शीघ्र भरे जाए।पाते वेतन शिक्षकों को 2009 से लाभ दिया जाए ।

### स्मारिका का अनावरण

**भीलवाड़ा।** अंसल सुशांत सिटी भीलवाडा में राणा सांगा की मूर्ति एवं स्मारिका का अनावरण संतो और राजनेताओं की मौजूदगी में किया गया। आयोजक प्रमेंद्र सिंह उर्फ टिंकू बन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि भीलवाड़ा सासंद दामोदर अग्रवाल ने स्मारिका का अनावरण किया ।

# पांच दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का भव्य शुभारंभ

■ सैकड़ों महिला-पुरुष साधकों ने किया योगाभ्यास

**केकड़ी** (निस) । भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी एवं पतंजलि योग समिति केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 17 जून को नगर परिषद रंगमंच पर पाँच दिवसीयनि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविरका भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत केकड़ी तहसीलदार श्रीमती बंटी राजपूत द्वारा माँ भारती एवं योग पुरूष स्वामी विवेकानंद के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर तहसीलदार बंटी राजपूत ने संबोधित करते हुए योग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम के अभ्यास से मनुष्य तनावमुक्त और सुखद जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा,''ईश्वर ने मनुष्य को निश्चित संख्या में साँसे प्रदान की हैं। जब ये निश्चित हैं, तो क्यों न इन्हें योग के माध्यम से लंबा, प्रभावी और स्वास्थ्यवर्धक बना लें।'' अपने निजी अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि नियमित योग के कारण उन्होंने घुटनों की तकलीफ से छुटकारा पाया है और अब प्रतिदिन तीन किलोमीटर पैदल चलने के बाद योग व प्राणायाम का अभ्यास करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से योग को अपनाने की अपील करते हुए 21 जून को पटेल मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आ ान किया।

प्रात: 5:30 बजे शुरू हुए इस योग सत्र में नगर के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र का संचालनपतंजलि योग समिति के प्रभारीएवंयोग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक जे.पी. सोनीने किया। उन्होंने साधकों को विविध योगासन, प्राणायाम, ध्यान की विधियाँ तथा योग को जीवनशैली में शामिल करने के लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सरल और प्रभावी तकनीकों के माध्यम से योगाभ्यास कराते हुए बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक संतुलन, एकाठाता और आत्मिक शांति का साधन है। मंच परभारत स्वाभिमान संयोजक सत्यनारायण सोनी,महिला योग प्रभारी रक्षा विजय,सह प्रभारी रेखा (रिंकू) विजय,सोहनलाल सिसोदियातथानन्हीं योग साधिका शिवांशी सोनीने योग अभ्यास करवाने में सहयोग दिया। भारत विकास परिषद के अध्यक्षबहादुर सिंह शक्तावतने बताया कि यह शिविर प्रतिदिन प्रात: 5:30 से 7:00 बजे तक 20 जून तक नगर परिषद रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत 21 जून कोअंतरराष्ट्रीय योग दिवसपरपटेल मैदानमें सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन राज्य सरकार के निर्देशानुसार किया जाएगा।

प्रकल्प प्रभारी एवं शिविर संयोजक श्याम माहेश्वरीएवंसूर्य प्रकाश विजयने बताया कि आज के समय में योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन चुका है। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम है।

सत्र के अंत में सभी साधको कोआयुर्वेदिक औषधियों से युक्त स्वास्थ्यवर्धक जूसवितरित किया गया, जिससे सभी ने ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत की। भारत विकास परिषद की ओर से नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और स्वयं को स्वस्थ, प्रसन्न एवं ऊर्जावान बनाएँ।

## एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**नसीराबाद,** (निसं)। ऑल इंडिया सीनियर पेंशनर्स फेडरेशन की हाल ही में सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित आठवें वेतनमान और भविष्य में महंगाई भत्ता (डीए) न दिए जाने की घोषणा के विरोध में प्रदेशभर में आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में 23 जून 2025, सोमवार को सुबह 11 बजे राजस्थान के सभी जिलों एवं उपशाखाओं में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा। नसीराबाद उपशाखा की समस्त कार्यकारिणी एवं पेंशनधारकों को सूचित किया गया है कि वे सुबह 10:15 बजे पेंशनर भवन पर एकत्रित हों, जहां से प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर प्रस्थान किया जाएगा। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अधिक से अधिक पेंशनर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि सरकार तक संगठन की एकजुटता और नाराजगी का स्पष्ट संदेश पहुंचे। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि केंद्र सरकार ने अपनी पेंशनर्स विरोधी नीतियों में शीघ्र बदलाव नहीं किया तो भविष्य में और भी व्यापक स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## सार-समाचार

### एसीजेएम का स्वागत

**ब्यावर** (निसं) अपने बचपन की आस्था से जुड़े स्थानीय बिचड़ली मोहल्ला स्थित नवठाह मंदिर पहुंचने पर स्थानीय गणमान्य मंदिर मंडल के लोगों ने एसीजेएम ब्रह्मानंद शर्मा का स्वागत किया।उल्लेखनीय है कि श्री ब्रह्मानंद शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा स्थानीय सुखवाल छात्रावास में हुई थी और अपनी आस्था से जुड़े नवठाह मंदिर पहुंचे जहां जानकारी मिलने पर मंदिरमंडल के लोगों ने श्री ब्रह्मानंद शर्मा का माला ,दुपट्टा ,साफा पहना कर एवं भगवान श्री परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह फरसा भेंट कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर गोविंद नारायण त्रिपाठी,विजय नारायण त्रिपाठी,जयनारायण त्रिपाठी,मनोज व्यास,राजेश शर्मा बाबा,योगेश पंचोली,रामेंद्र शर्मा,हेमंत लाटा,जसराज शर्मा,महेंद्र प्रजापत,अमित प्रजापत उपस्थित रहे।

### बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद छावनी परिषद क्षेत्र में चर्च गेट के पास स्थित वह पुलिया, जो पिछले 20 वर्षों से बंद पड़ी थी, आखिरकार परिषद के दृढ़ संकल्प और समर्पण से पुन: खोल दी गई। यह कार्य मुख्य अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में सफाई निरीक्षक आशीष शर्मा, छोटेलाल सैनी और सफाई विभाग की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह पुलिया वर्षाजल निकासी का प्रमुख माध्यम थी, जो वर्षों से बंद होने के कारण अस्पताल क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या का कारण बनी हुई थी। इस तकनीकी रूप से जटिल कार्य को परिषद की टीम ने लगातार मेहनत और ईमानदारी से पूर्ण किया। पुलिया के चालू हो जाने से अब बारिश के मौसम में पानी की निकासी बेहतर होगी और नागरिकों को राहत मिलेगी। इससे छावनी क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ और प्रभावी हो सकेगी। छावनी परिषद ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और क्षेत्र को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### विद्यार्थी सम्मान समारोह

**अजमेर,** (कासं)। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट, शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान, अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वाधान 20 वर्षों से आयोजित 38वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में राजस्थान बोर्ड और सी बी एस ई परीक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का रविवार 22 जून, 2025 को रसोई बैक्वेट हॉल, स्वामी कॉम्प्लेक्स, अजमेर पर आयोजित किया जायेगा। संयोजक कंवल प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थियों में टॉप टेन आने वाले छात्र-छात्राओं को अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, ज्ञाववर्धक पुस्तकें व 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जायेगा। सर्व समाज वर्ग के विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की कॉपी, का रजिस्ट्रेशन स्वामी कॉम्पलेक्स की तीसरी मंजिल रसोई रेस्टोरेंट के काउण्टर पर किया जा रहा है जिसकी आज 18 जून 2025 अंतिम दिन है। सभी विद्यार्थियों से स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आने का निवेदन है, अधिक जानकारी के लिए 99290-97232 पर सम्पर्क कर सकते हैं

### योग शिविर आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। मंगलवार को पशुपालन और डेयरी विभाग भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यालय केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना द्वारा सामुदायिक केंद्र शास्त्री नगर में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों एवं विभागीय कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिक्षक श्री गिरी राज सोनी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग समग्र स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन में योग की भूमिका को उजागर करती है। श्री बलबीर गेना उप पंजीकार ने बताया की यह आयोजन शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामूहिक सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाली एक प्रेरणादायक पहल रही। इस अवसर पर सोमवीर सिंह, के.पो.स. तोमर, अशोक शर्मा, सुरेश मिल, ईश्वर साहनी, राम अवतार दिनकर, उमेश मेइतवाल इत्यादि ने विशेष योगदान दिया।

## भंडारे का आयोजन आज

**अजमेर,** (कासं)। श्री चामुंडा माता मंदिर आना सागर पुलिस चौकी के सामने पुष्कर रोड अजमेर का वार्षिक पाटोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 जून बुधवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे चामुंडा मां की महा आरती का आयोजन होगा तथा सांय 7 बजे माता रानी का भव्य श्रृंगार एवं सजावट व महा आरती की जाएगी और उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के महामंत्री विजय सिंह नाथावत ने बताया कि इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सदस्यगण, प्रगतिशील राजपूत सभा की संपूर्ण कार्यकारिणी, समितियों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह चौहान ने कहा पाटोत्सव कि सभी तैयारिया पूर्ण कर लीं गई हैं, हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी पाटोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

# जल है तो कल है, जल नहीं तो कल हम नहीं : दिलावर

■ जल संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन

**ब्यावर** (निसं) आशापुरा माता धाम परिसर में जल संरक्षण समिति जिला ब्यावर द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आ ान पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण संगोष्ठी के मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर रहे। अति विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री उमाशंकर एवं ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षण समिति की अध्यक्ष दीपक झंवर ने की।जल संरक्षण समिति के प्रचार प्रमुख विक्रांत सिंह रावत ने बताया कि संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री दिलावर ने कहा कि जल संरक्षण का यह अभियान राजस्थान सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है जिसकी अति महत्वता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में रहेगी जिस तरह हम कहते हैं जल है तो कल है आने वाले निकट समय में नया स्लोगन आएगा जल है तो कल है जल नहीं तो कल हम नहीं गंभीर विषय पर सरकार ने जो यह जन अभियान प्रारंभ किया है इसको प्रत्येक शहर गांव और ढाणी तक ले जाने का कर्तव्य हम सबका है।

वर्षा के जल संचय को हर हाल में हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोतों तक पहुंचे ताकि भविष्य में आने वाली जल की विकट समस्या से आज ही हम समाधान की ओर बढ़ सके। दिलावर ने कहा कि वृक्षारोपण एवं गो संवर्धन हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए जिस तरह हम धन संचय करते हैं हमें जल वृक्ष और गौ माता के संवर्धन पर समाज ध्यान आकर्षण करने की आवश्यकता है।उन्होंने संगोष्ठी में सभी से जल संजय संकल्प के साथ प्लास्टिक ना उपयोग करने का भी हाथ खड़ा करवा के जन समूह को प्रतिबद्ध किया।समिति के अध्यक्ष दीपक झंवर ने सभी गण मान्य नागरिकों को संकल्प दिलाया कि जब भी जल संचय की बात होगी तब हम स्वयं और दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करेंगे। झंवर ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

स्वागत उद्बोधन अनिरुद्ध शर्मा द्वारा किया गया। मंच 1संचालन हेमेंद्र दगदी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सरिता गैना, पृथ्वी सिंह भोजपुरा, प्रकाश आर्य, नेम सिंह चौहान राजेश मोयल, बहादुर सिंह, अमरचंद मूंदड़ा, विक्रान्त सिंह रावत, अर्जुन केन भगवान सिंह, मनोज टेलर, अभिलाषा यादव, रघुवीर सिंह, पूरन सिंह, डॉ सीमा कृपलानी, सुभाष ओझा, अनुष्का खंडेलवाल, रोशन लाल, श्रवण सिंह चौहान, डूंगर सिंह रावत, ऋषि सिंह हुड्डा, जिला शिक्षा अधिकारी आलोक गुप्ता, धन्ना सिंह चौहान, रामनारायण तर्क, सूरज प्रताप सिंह शाहिद प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी के लिए बैठक

**सरवाड़,** (निसं)। नगर पालिका भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारीयों को लेकर बैठक आयोजित हुई वहीं केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के क्रम में 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारीयों के लेकर मंगलवार को नगर पालिका सभागार भवन में आयोजित हुई।

अधिशासी अधिकारी भगवत सिंह परमार ने बताया कि यह बैठक नगर पालिका अध्यक्ष व सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरू प्रसाद तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस दौरान बैठक में उपखंड अधिकारी गुरू प्रसाद तंवर ने कहा कि पार्षदगण व प्रतिनिधिगण स्वयंसेवी संस्थाओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सुझाव लिऐ इसी के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन ने कहा कि योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की इसी क्रम में उपखंड अधिकारी गुरू प्रसाद तंवर द्वारा सरवाड़ नगरीय क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को योग दिवस में सम्मिलित किये जाने हेतु मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया वहीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कें सफल आयोजन हेतु साफ-सफाई टेन्ट व्यवस्था साऊण्ड व्यवस्था एल.ई.डी व्यवस्था अग्निशमन एवं चल शौचालय व्यवस्था जल व्यवस्था व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स - बैनर व्यवस्था हेतु नगर पालिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ब्लॉक स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 को बल्लू बाग (गांधी उद्यान) में प्रात: 6.00 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जायेगा बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोठिया अतिरिक्त विकास अधिकारी रघुवीर सिंह आयुष विभाग से डॉ. सत्यनारायण गुप्ता, प्रोठामर जावेद अहमद, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल खटीक, पार्षद गणेश माली, जावेद अहमद, शमशुद्दीन कुरैशी, ममता रेगर, पार्षद प्रतिनिधि रामलाल गुर्जर, संजय साहू, भारत विकास परिषद से विजय कुमार शारदा, सुनील पारीक, ओम प्रकाश मेवाड़ा, राजेश कक्कड़, गोपीलाल कीर, कनिष्ठ सहायक भागचन्द खटीक, रहीस अहमद, अर्जुन सिंह राठौड़, महावीर प्रसाद धोबी, सन्दीप कुमार सेवता व सिकन्दर खान सहित कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# सुरेंद्र दुबे स्मृति सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आज

**अजमेर/ केकडी,** (कासं)। श्री सुरेन्द्र दुबे स्मृति सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन बुधवार को केकड़ी में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऐतिहासिक और गरिमामयी शाम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में देशभर से कई ख्यातिप्राप्त कवि, गीतकार, हास्य कलाकार मंच साझा करेंगे और अपनी वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस अवसर पर हरिओम पंवार अंतरराष्ट्रीय वीर रस कवि सम्मान 2024 डॉ. विष्णु सक्सेना प्रसिद्ध गीतकार सम्मान 2025, इन दोनों कवियों को अलग-अलग प्रदान किया जाएगा। सम्मान स्वरूप 1 लाख 11 हजार 111 की सम्मान राशि चैक, शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाएगा।

कवि सम्मेलन में डॉ. कीर्ति काले नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय कवयित्री एवं मंच संचालिका, डॉ. कैलाश मंडेला शाहपुरा केंद्रीय साहित्य अकादमी से सम्मानित कवि एवं पैरोडीकार, दीपक शुक्ला दनादन भोपाल के हास्य कवि एवं गीतकार, दिनेश बंटी शाहपुरा हास्य कवि एवं गीतकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, लालाराम बैरवा विधायक शाहपुरा भीलवाड़ा, चंद्रशेखर भंडारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर केकड़ी, होनहार सिंह राठौड़ प्रधान पंचायत समिति केकड़ी, विशिष्ट अतिथि सुभाष हेमानी उपखंड अधिकारी केकड़ी, हर्षित शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक केकड़ी, बंटी देवी राजपूत तहसीलदार केकड़ी, कार्यक्रम के अध्यक्ष कमलेश साहू सभापति नगर परिषद केकडी के अतिथियों में आयोजित होगा।

## बैठक संपन्न

**अजमेर ।** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो द्वारा मंगलवार को अतिरिक्त जिलाधीश शहर गजेन्द्र सिंह राठौड की अध्यक्षता में जिलाधीश कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम (मिनी उर्स) के अवसर पर जून और जुलाई माह में बरसात का मौसम होने के कारण जायरीनो सहित दरगाह के परिधि क्षेत्र में रहने वाले अन्दर कोट, निजाम गेट, मुख्य दरगाह बाजार, नला बाजार, मदार गेट के अन्दर एवं मदार गेट के बाहर तक तेज बरसात के पानी के बहाव में किसी भी प्रकार के खतरे से सुरक्षा के लिए बचाव दल का प्रबंध करवाना, बीमारियो से बचाव के प्रबंध, गंज थाने के पीछे लुहार बस्ती में स्थित बहुत कचरा डिपो को अन्यत्र शिफ्ट करना, ई रिक्शा वालो द्वारा बाजारों में व्यापारियों को परेशान करने व नला बाजार, घसेटी, उतार घसेटी बाजार आदि में ई रिक्शाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाली सामग्री विक्रय के प्रबंध करने सहित अन्य सुझाव दिए। महेन्द्र बंसल और रमेश लालवानी ने बताया कि मेला क्षेत्र के व्यापारियो के विक्रय होने वाली सामग्री के वाहनो दूध आदि की पिकअप आदि गाडियो के आवागमन के प्रबंध सुनिश्चित करवाया।


**NAME CHANGE**

I, Manjoo Devi Mother of Army No.14841474N, CHM, Anil Kumar Singh, Residing Vill & Po- Abishan, Teh- Ghazipur, Dist-Ghazipur, U.P, 233222 have change my Name from Manjoo Devi to Manju Singh vide Affidavit No. CA333560 Dt 16/06/2025 before Court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Ram Bhavan Singh Father of Army No.14841474N, CHM, Anil Kumar Singh, Residing Vill & Po- Abishan, Teh- Ghazipur, Dist-Ghazipur, U.P, 233222 have change my Name from Ram Bhavan Singh to Rambhuvan Singh vide Affidavit No. CA333559 Dt 16/06/2025 before Court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2025/135822
DATE :- 14.06.2025 रजि. बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /3591 दिनांक-16-06-25

सार्वजनिक सूचना

श्री नन्द किशोर पुत्र श्री पन्ना सिंह जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 हीरा नगर मसूदा रोड गढ़ी थोरियान खसरा नं. 200 प्लाट नं. 13 क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री धिरेन्द्र सैन पुत्र श्री सत्यनारायण सैन के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 26.12.2022, 22.01.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त नगर परिषद ब्यावर


# 'कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की ट्रिबल इंजन सरकार की नाकामियों को उजागर करें'

**अजमेर,** (कासं)। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ से आव्हान किया है कि वे भाजपा की ट्रिबल इंजन सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए घर घर जाकर उनका पर्दाफाश करे। धर्मेंद्र राठौड़ ने मंगलवार को जयपुर से अपने पैतृक गाँव नांद पुष्कर जाते समय अल्प समय के लिए अजमेर में प्रवास के दौरान उनसे मुलाकात करने गये कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ से यह आव्हान किया, उन्होंने कहा कि भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, भजनलाल के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार तथा नगर निगम अजमेर का भाजपा बोर्ड हर मोर्चे पर असफल साबित हुए हैं, इन्हें सत्ता सौंप कर आम जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है, बेतहाशा बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, चरमराती कानून व्यवस्था, बेपटरी पेयजल व्यवस्था, बदहाल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जैसी अनेक जन समस्या विकराल रूप धारण किए खड़ी है परंतु, जनप्रतिनिधियों को इन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

# सनातन संस्कृति के अनुसार बच्चो में संस्कार संत शम्भू लाल

सिन्धी बाल संस्कार शिविर का समापन, श्रेष्ठ सेवाओं वालों को किया सम्मानित अजमेर, 17 जून (कासं)।नौ दिवसीय सिन्धी बाल संस्कार शिविर का समापन मंगलवार को समारोह पूर्वक समपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश मंडल आश्रम के सन्त स्वामी शम्भू लाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन सभ्यता और संस्कृति के अनुसार बच्चो को संस्कार व महापुरूषो के जीवन चरित्र की जानकारी प्रदान करना अत्यनत ही सराहनीय कार्य है। प्रेम प्रकाश आश्रम के सन्त शम्भु लाल महाराज ने अपनी युवा पीढ़ी को इस प्रकार के कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करवाने की सीख भी दी। लक्ष्मणदास गुरनानी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सराहनीय योगदान करने वाले हरीकिशन तिलोकानी, हरगुण लालवानी, दिलीप ज्ञानचन्दानी, रमेश गंगवानी, शंकर झुरानी, लक्ष्मणदास हरवानी, रमेश सावलानी,राजेश गिदवानी, डॉक्टर नरेंद्र आनन्दानी, मनोहर डेटानी,वासुदेव गुरनानी,सोनिया खुबानी, हर्षा उत्तमचन्दानी, भावना लालवानी, वर्षा कर्मचन्दानी आदि की सेवाओं की सराहना की। पूर्व पार्षद किशन लालवानी ने बताया कि सिंधी भाषी विघार्थियों सहित 6 से 12 वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों के लिए 8 से 16 जून तक संस्कार शिविर आयोजित करके नि:शुल्क शिविर के माध्यम से योगा,सिन्धी संस्कार,महाराजा दाहिर के जीवन के संबंध, उडेरो लाल झूलेलाल की जीवनी व परिवार की जीवनी,जीवन स्थल,माता पिता के नाम,झूलेलाल के साथ साथ अन्य प्रमुख सन्तो महात्माओ के जीवन की जानकारी दी।

# आक्रोश महारैली विश्वशान्ति महामंत्र णमोकार के जयघोष के साथ सम्पन्न

**अजमेर,** (कासं)। जैन तीर्थो क्षेत्रों की रक्षा, साधु सन्तों के विहार के दौरान आकस्मिक दुर्घटनाओं के कारण जैन मुनि, साधु-संत, सतियांजी, कालधर्म को प्राप्त होने के कारण विहार सुरक्षा के लिए आयोजित आक्रोश महारैली विश्वशान्ति महामंत्र णमोकार के जयघोष के साथ सम्पन्न।

प्रवक्ता कमल गंगवाल व संजय जैन ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 9.30 बजे स्थानीय सिटी पावर हाउस, जयपुर रोड से सकल जैन समाज, अजमेर द्वारा विशाल महारैली के रूप में णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए कतारबंद पंक्ति से हाथो में तख्तियां व जैन ध्वजा लेकर केसरियां परिधान में व सफेद परिधान में पुरूष वर्ग भारी संख्या में जिलाधीश कार्यालय पहुंचे, तत्पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार पर विश्व शान्ति महामंत्र का सामूहिक रूप से जाप कर समाज के गणमान्य प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट कक्ष में पहुंचे और प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं राज्य के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर लोकबन्धु को ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर लोकबंधु ने ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से आगे भेजने की व स्थानीय स्तर पर भी इसकी ठोस कार्यवाही व सुरक्षा का आश्वासन दिया।

विजय जैन